# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

# आकाशवाणी चंडीगढ़

## (तिथि 15 जुलाई 2025, समय 1305 (05 मिनट)

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियोम-4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आज पृथ्वी पर लौट रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उनकी यह वापसी 18 दिन बाद हो रही है। चारो अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसएक्स ड्रैगन से 22 घंटे की यात्रा कल शुरु की। अनुमान है कि ये अंतरिक्ष यात्री आज भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद तीन बजे कैलिफोर्निया तट पर उतरेंगे। अंतरिक्ष स्टेशन से विदाई पर शुभांशु शुक्ला ने अपनी यात्रा को अविश्वसनीय बताया।

*********************************************************************************************

यह आकाश गंगा मिशन, एक्सियोम स्पेस, नासा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का संयुक्त प्रयास है। यह आगामी गगनयान मिशन और प्रस्तावित भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन सहित भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान महत्वाकांक्षाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर प्रवास के दौरान, श्री शुक्ला ने विशेष रूप से भारत के लिए सात सूक्ष्म-गुरुत्व प्रयोग किए, जो अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं।

*********************************************************************************************

स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान द्वारा हरियाणा के दीर्घकालिक विकास को ध्यान में रखते हुए हरियाणा विज़न 2047 दस्तावेज़ तैयार किया जा रहा है। इस दस्तावेज के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आने वाले वर्षों में हरियाणा विकास और नवाचार के नए प्रतिमान स्थापित करे।

एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विज़न दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया को अधिक सहभागी और व्यापक बनाने के लिए जन परामर्श सर्वेक्षण में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी हेतु राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा एक पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से नागरिक अपने विचार, सुझाव और अपेक्षाएँ साझा कर सकते हैं, जो इस महत्वपूर्ण दस्तावेज़ का हिस्सा बनेंगी।

प्रवक्ता ने बताया कि इस पोर्टल का लिंक एनआईसी द्वारा बीएएमएस, वित्त विभाग, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, सभी उपायुक्तों और हरियाणा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की वेबसाइट पर साझा किया जाएगा।

*********************************************************************************************

राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान को क्लोनिंग तकनीक से पैदा पशुओं के मल्टीप्लीकेशन में बड़ी कामयाबी मिली है।

संस्थान के निदेशक डॉ धीर सिंह ने
एक पत्रकार वार्ता में बताया कि
क्लोन तकनीक से पैदा की गई गाय के अंडे को कई मादा पशुओं में प्रत्यारोपित कर गर्भधारण कराया गया था। जिसमें से एक पशु द्वारा स्वास्थ बच्चे को जन्म दिया गया है। उन्होंने कहा कि संस्थान की क्लोनिंग तकनीक पहले ही सफल थी लेकिन अब हम एक ही पशु के अंडे से कई स्वस्थ कटड़े कटड़ी को जन्म दे सकते हैं। इस तकनीक में समय भी कम लगता है और एक ही मादा के भ्रूण से कई पशुओं को जन्म दिया जा सकता है। जबकि सामान्य तकनीक में एक मादा से एक बच्चे का ही जन्म हो सकता है और इसमें समय भी ज्यादा लगता है।

उन्होंने कहा कि संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा खोजी गई इस तकनीक की खास बात यह है कि इसमें मादा पशु से अंडे लेने के लिए उसका वध करने की आवश्यकता नहीं होती बल्कि जीवित पशु से ही अंडे निकालने के बाद उन्हें बाहर परिपक्व कर किसी अन्य मादा पशु के गर्भ में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है।

संस्थान के निदेशक ने कहा कि इससे डेयरी सेक्टर में को काफी फायदा होगा और अच्छी नस्ल के पशुओं में वृद्धि होगी।

***********************************************************************************************

हरियाणा सरकार के खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कल पलवल की आईटीआई में आयोजित पीएम राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन व रोजगार मेले में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने रोजगार मेले में चयनित 11 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला व आईटीआई पलवल के प्रधानाचार्य जिले सिंह भी मौजूद रहे ।

राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। पलवल आईटीआई में आयोजित किए गए रोजगार मेले में आए 500 युवाओं को उनके कौशल के आधार पर नौकरी प्रदान की गई ।

***********************************************************************************************

चंडीगढ़ के सेक्टर 39 स्थित खेल परिसर में नेत्रहीनों के लिए आयोजित ऑल इंडिया चेस फेडरेशन फॉर द ब्लाइंड की नॉर्थ जोन शतरंज चैम्पियनशिप में सोमेंद्र स्वर्ण पदक जीत कर चैंपियन बने।

सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने रजत पदक जीता। द्वितीय उपविजेता मयंक शर्मा रहे। अन्य चार प्रतिभागी अरविंद, सागर शर्मा, अश्विन राजेश और अखिलेश के. श्रीवास्तव को भी अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा।सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी सोमनाथ, सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी रेखा सिंह व सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ी लवकुश कुमार को घोषित किया गया।

इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों से आए 80 से अधिक नेत्रहीन शतरंज खिलाड़ियों ने अपनी असाधारण प्रतिभा और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का आयोजन नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड द्वारा ऑल इंडिया चेस फेडरेशन फॉर द ब्लाइंड, चंडीगढ़ प्रशासन के खेल विभाग और फेडरल बैंक के सहयोग से किया गया।

समापन समारोह के दौरान चंडीगढ़ खेल विभाग के निदेशक सौरभ अरोड़ा ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों की सराहना की और समावेशी खेलों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ियों को समर्थन देने और भविष्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित करने का आश्वासन दिया।

***********************************************************************************************